संख्या:77/2020/1794 ई-2/तेरह-2020-36/2012

प्रेषक

उमेश कुमार तिवारी,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,

झाँसी।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 04 सितम्बर, 2020

विषय:- जनपद झांसी में स्पलैश वैल्ली एण्ड रिसोर्ट रेस्टोरेन्ट, अशोक वैल्ली नियर मुस्तरा रेलवे स्टेशन, कानपुर ग्वालियर बाइपास, झांसी को एफ.एल.-7 बार अनुज्ञापन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को संबोधित अपने पत्र संख्या-3043/जि.आ.अ./एफ.एल.-7 अनुज्ञापन/झाँसी, दिनांक 16.08.2019 एवं संख्या-380/जि.आ.अधि./एफ.एल.-6,7/स्पलैश वैली/झाँसी, दिनांक 10.08.2020 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि संदर्भगत प्रकरण में आपके उक्त संदर्भित पत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई जिला बार समिति की रिपोर्ट दिनांक 09.08.2019 में की गई संस्तुति तथा आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या-जी.-133/दस-लाइसेंस-32/एफ.एल.-6-7/बारबेक्यू/झाँसी, दिनांक 09.10.2019 एवं पत्र संख्या-जी.-51/दस-लाइसेंस-32/एफ.एल.-6-7/बारबेक्यू/झाँसी, दिनांक 19.08.2020 द्वारा उपलब्ध कराई गई संस्तुति के दृष्टिगत स्पलैश वैल्ली एण्ड रिसोर्ट रेस्टोरेन्ट, अशोक वैल्ली नियर मुस्तरा रेलवे स्टेशन, कानपुर ग्वालियर बाइपास, झांसी को फ.एल.-7 बार अनुज्ञापन की स्वीकृति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि प्रश्नगत रेस्टोरेन्ट में अग्निशमन यंत्र पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में रहेंगे तथा अग्निशमन विभाग द्वारा अनापत्ति में दी गयी शर्तो का इकाई द्वारा पालन किया जायेगा। साथ ही प्रश्नगत रेस्टोरेन्ट द्वारा सी.सी. टी.वी. कैमरे एवं हैन्ड-हेल्ड-मेटल डिटेक्टर से सुसज्जित सुरक्षा कर्मियों की समुचित/पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी।

तदनुसार कृपया अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उमेश कुमार तिवारी)

उप सचिव।

संख्या-77/2020/1794(1)ई-2/तेरह-2020 तद्दिनांक

उपर्युक्त की प्रति आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज के पत्र संख्या-जी.-51/दस-लाइसेंस-32/एफ.एल.-6-7/बारबेक्यू/झाँसी, दिनांक 19.08.2020 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,

(उमेश कुमार तिवारी)

उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।